nt>

Title: Need to implement 'One rank one Pension' scheme in the Armed Forces. - Laid.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि सेना से पूर्व में रिटायर हुए और वर्तमान में रिटायर हो रहे सेनाकर्मियों की पेंशनों में बहुत विसंगति है। विगत अनेक वर्ो से भू.पू. सैनिक "एक रैंक एक पेंशन" सिद्धान्त को लागू करने का निवेदन करते रहे हैं। मैंने भी 12वीं लोक सभा के सदस्य के रूप में तथा अब 13वीं लोक सभा सदस्य के नाते अनेक बार इस बारे में प्रश्न किए हैं तथा रक्षा मंत्री महोदय से व्यक्तिगत रूप से आग्रह किया है, लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

पांचवें वेतन आयोग की सिफारिशों के उपरांत रक्षा मंत्री ने इस बारे में एक विशो समिति गठित की थी, जिसे इस समस्या के समाधान हेतु अपनी अनुशंसाएं देनी थीं, लेकिन अभी तक उस समिति की अनुशंसाओं के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं मिली है।

महोदय, मेरे क्षेत्र में बहुत अधिक भू.पू. सैनिक रहते हैं। मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन है कि "वन रैंक वन पेंशन" के सिद्धान्त को शीघ्र लागू किया जाए ताकि देश के भू.पू. सैनिकों की चिरकाल से चली आ रही मांग पूरी हो सके।